हीरे का उत्खनन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के पन्ना ज़िले में एक किसान और उसके सहयोगियों को 7.44 कैरेट वजन का एक बहुमूल्य **हीरा (डायमंड)** मिला है।

मुख्य बिंदु

- **हीरे के बारे में:**
  - हीरा, **कार्बन का एक अपरूप,** पृथ्वी पर **प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला सबसे कठोर पदार्थ है।**
  - **पृथ्वी के मेंटल** में निर्मित तथा **ज्वालामुखीय गतिविधि** के माध्यम से सतह पर लाया गया यह पदार्थ **डाइक और सिल्स** जैसे ज्वालामुखीय भू-आकृतियों में पाया जाता है।
- **उपयोग:**
  - आभूषण, धातु पॉलिशिंग, रत्न काटने तथा ड्रिल के लिये किनारों को काटने जैसे औद्योगिक अनुप्रयोगों में।
- **भारत में हीरा समृद्ध स्थान:**
  - **पन्ना बेल्ट (मध्य प्रदेश), वज्रकरुर किम्बरलाइट क्षेत्र** और **कृष्णा नदी बेसिन (आंध्र प्रदेश)।**
  - **कटाई (कटिंग) और पॉलिशिंग उद्योग सूरत, नवसारी, अहमदाबाद एवं पालमपुर** में केंद्रित है।
  - **अग्रणी उत्पादक**:
    - रूस, बोत्सवाना, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC)।
- **पन्ना का हीरा उद्योग:**
  - **पन्ना** सदियों से **हीरा खनन केंद्र** रहा है।
  - **अत्यधिक खनन के कारण** ज़िले के हीरे के भंडार कम हो गए हैं, जिसके कारण महत्त्वपूर्ण खोजें कम हो गई हैं।
  - **खनन, मुख्यतः आदिवासी जनसंख्या** के लिये वैकल्पिक आय स्रोत के रूप में कार्य करता है, जिससे उन्हें **250-300 रुपए** की मामूली दैनिक आय प्राप्त होती है।

//

भारत में हीरा उद्योग

- भारत **दुनिया में हीरों की कटाई और पॉलिशिंग का सबसे बड़ा केंद्र है** तथा वैश्विक स्तर पर पॉलिश किये गए हीरों के निर्माण में 90% से अधिक का योगदान यहीं पर है।
- भारतीय खनिज वर्ष पुस्तिका 2019 के अनुसार, भारत के हीरा क्षेत्रों को चार क्षेत्रों में बाँटा गया है:
    - **मध्य प्रदेश** का मध्य भारतीय भूभाग, जिसमें पन्ना बेल्ट शामिल है।
    - **आंध्र प्रदेश** का दक्षिण भारतीय क्षेत्र, जिसमें अनंतपुर, कडप्पा, गुंटूर, कृष्णा, महबूबनगर और कुरनूल ज़िले के कुछ हिस्से शामिल हैं।
    - **छत्तीसगढ़** के रायपुर ज़िले में बेहरादीन-कोडावली क्षेत्र और बस्तर ज़िले में तोकापाल, दुर्गापाल आदि क्षेत्र।
    - पूर्वी भारतीय भूभाग मुख्यतः **ओडिशा का है, जो महानदी** और **गोदावरी घाटियों** के बीच स्थित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/excavation-of-diamond